लोक सभा अध्यक्ष ने श्री राम विलास पासवान जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने केंद्रीय मंत्री श्री राम विलास पासवान जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"केंद्रीय मंत्री श्री राम विलास पासवान जी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूँ। उन्होंने आजीवन समाज के वंचित-अभावग्रस्त वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। दुख की घड़ी में परिवार के प्रति गहन संवेदनाएँ। ॐ शान्ति !

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पदचिन्हों पर चलते हुए उन्होंने समाजवादी आंदोलन को सशक्त किया। छात्र राजनीति से लेकर सांसद के रूप में लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक परंपराओं को निष्ठा व आदर के साथ निभाया। उनका जीवन हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा।"